रमेश पोखरियाल 'निशंक'
Ramesh Pokhriyal 'Nishank'

सत्यमेव जयते

मंत्री
मानव संसाधन विकास
भारत सरकार
MINISTER
HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA



संदेश

प्रिय विद्यार्थियों,

आप जानते ही हैं कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षाएँ 15 फरवरी, 2020 से आरम्भ होने जा रही हैं। यह परीक्षाएँ आपके विद्यार्थी जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। मुझे विश्वास है कि आप श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए निरन्तर अध्ययन एवं अभ्यास कर रहे हैं। आप प्रतिभाशाली, लगनशील एवं लक्ष्य-समर्पित विद्यार्थी हैं।

आप तनाव-मुक्त रहकर अपनी प्रतिभा, परिश्रम और सतत अनुशीलन से श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में आपको संबोधित करते हुए कहा था कि – "परीक्षा जिंदगी नहीं, सिर्फ एक पड़ाव है।" इसलिए इस पड़ाव को आनंद, उमंग एवं उत्साह के साथ अपने जीवन का यादगार पल बनायें।

मैं शैक्षणिक सत्र 2019-20 की बोर्ड परीक्षाओं में प्रविष्ट होने वाले आप सभी मेरे प्रिय विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

(रमेश पोखरियाल 'निशंक')

सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा

स्वच्छ भारत

Room No. 3, 'C' Wing, 3rd Floor, Shastri Bhavan, New Delhi-110 115
Phone : 91-11-23782387, 23782698, Fax : 91-11-23382365
E-mail : minister.hrd@gov.in